दिन– गुरूवार दिनांक– 25 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी एक सौ एकवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।
02. प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के खिलाड़ियों से किया संवाद। कहा–वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा नया इतिहास रच रहे हैं।
03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और कृषि मंत्री रामकृपाल यादव का दावा– राजद के कई विधायक जल्द ही भाजपा में होंगे शामिल।
04. शिक्षामंत्री सुनील कुमार ने कहा– सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोले जायेंगे। बीस दिनों के भीतर पूरा होगा स्थल चयन का काम।
05. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में सर्दी का सितम जारी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले तीन दिनों तक कंपकपाती ठंड से नही मिलेगी राहत।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी एक सौ एकवीं जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी नेद कहा कि यह सुशासन के उत्सव का दिन है। श्री मोदी ने कहा कि आज जिस डिजिटल पहचान की चर्चा होती है उसकी नींव अटल बिहारी वाजपेयी ने रखी थी।

———बाइट———

———————————————————————————

प्रेरणा स्थल का निर्माण स्वतंत्र भारत की महान विभूतियों की गौरवशाली विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त करने के श्री मोदी के संकल्प के अनुरूप किया गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल, श्री बाजपेई के जीवन और आदर्शों को श्रद्धांजलि है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

राष्ट्र प्रेरणा स्थल को एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और स्थायी राष्ट्रीय महत्व के प्रेरणादायक परिसर के रूप में विकसित किया गया है। लगभग दो सौ तीस रुपए करोड़ रुपये की लागत से निर्मित और 65 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला यह परिसर एक स्थायी

राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में बनाया गया है। इस परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं हैं, जो भारत की राजनीतिक सोच, राष्ट्र निर्माण और सार्वजनिक जीवन में उनके महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक हैं। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।

इससे पूर्व आज सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में अटल जी के समाधि स्थल सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, पटना के पाटलिपुत्रा पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी अटल बिहार वाजपेयी की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खगड़िया, में भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया।

नवादा में जिला भाजपा कार्यालय में अटल जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर ने प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अरवल में आयोजित जयंती समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई गई।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि युवाओं में गजब की शक्ति है। आज सांसद खेल महोत्सव के समापन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से देशभर के खिलाड़ियों और खेल प्रशासकों संवाद करते हुए श्री मोदी ने वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण देते हुए कहा कि युवा नया इतिहास रच रहे हैं।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देश भर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाडी उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस उत्सव का दायरा और प्रभाव, दोनों काफी बढ़ गए हैं।

———बाइट———

आज सांसद खेल महोत्सव एक जन आंदोलन बन चुका है। देशभर में दो सौ 90 से अधिक सांसदों के इस कार्यक्रम का योजना करना, लाखों नौजवानों को जोड़ना और एक करोड़ से ज्यादा युवा खिलाडियों द्वारा इसमें रजिस्ट्री करवाना देश के हर कोने की हिस्सेदारी है और शहरों से लेकर गांव तक हर पृष्ठभूमि की युवाओं की सहभागिता यह दिखाता है, इसका स्केल कितना बड़ा है।

श्री मोदी ने कहा कि देश के युवा हर क्षेत्र के विकास में समर्थन दे रहे हैं।

———बाइट———

अभी में इस प्रतियोगिता के कुछ प्रतिभागी खिलाडियों से बात कर रहा हूं। जो विश्वास मुझे इन खिलाडियों के भीतर दिख रहा था, आज भारत के करोड़ों युवा, उसी विश्वास से भरे हुए हैं, इसलिए स्टार्टअप्स, स्पेस, सांइस और स्पोर्ट्स भारत के युवाओं ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रखा है।

श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2030 में जब भारत अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ खेलों की मेज़बानी करेगा, तब पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही होगी। उन्होंने कहा कि ये युवा खिलाडियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर होगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलिम्पिक खेलों की मेज़बानी हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि राजद अब समाप्त होने की कगार पर है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव के रवैये से राजद के नेताओं में असंतोष है। उन्होंने दावा किया कि राजद के कई विधायक जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकते है।

———बाइट———

————————————————————————————

इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के तीन विधायकों की भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात के बाद पार्टी मे टूट की अटकले तेज हो गई है। ये तीनों विधायक पार्टी की बैठक में भी शामिल नही हुए थे। इधर, रालोमों के प्रवक्ता ने कहा है कि पार्टी एकजुट है।

————————————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनिल कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बेतिया में पत्रकारों से बातचित करते हुये श्री कुमार ने कहा कि प्रदेश के सभी प्रखंडों मे एक–एक मॉडल विद्यालय बनाया जायेगा, जिसके लिए अगले बीस दिनों के भीतर स्थल चयन का काम पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सक्षमता परीक्षा–चार का आयोजन जल्द होगा और इसके आधार पर पच्चीस हजार से अधिक शिक्षकों की बहाली की जायेगी।

———बाइट———

———————————————————————————————

ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए भारत की सबसे प्रभावशाली योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की आज 25वीं वर्षगांठ है। 25 दिसंबर, 2000 को ग्रामीण क्षेत्रों का हर मौसम में संपर्क सुनिश्चित करने के लिए इस योजना को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य कृषि, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर गरीबी उन्मूलन में मदद करना है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

शुरुआत से लेकर अब तक पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत आठ लाख 25 हज़ार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिसमें से सात लाख 87 हज़ार किलोमीटर से ज़्यादा का निर्माण पूरा हो चुका है। हाल के वर्षों में इस योजना के लिए हुआ आवंटित बजट, ग्रामीण सड़क संयोजकता को मज़बूत करने के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025–26 के लिए लगभग 19 हज़ार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं, वित्त वर्ष 2024–25 से लेकर वित्त वर्ष 2028–29 के बीच 70 हजार करोड़ रुपए से अधिक के बजट में करीब 62 हजार पांच सौ किलोमीटर लम्बी सड़कों का निर्माण जारी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अब तक लगभग 96 प्रतिशत ग्रामीण सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच बेहतर हुई है तथा सबका साथ, सबका विकास वाली समावेशी आर्थिक नीति में तरक्की आई है। आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————————

कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड के जैतपुर–भदवलिया गांव के कमलेश कुमार को अदम्य साहस, मानवता और परोपकार के लिए मरणोपरांत राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कमलेश कुमार के परिजन को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। ग्यारह

वर्षीय कमलेश कुमार ने इस वर्ष जुलाई महीने में दुर्गावती नदी में डूबते एक बच्चे को अपनी जान की परवाह किये बिना बचाया था।

———————————————————————————————

सर्द पछुवा हवा के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अगले तीन दिनों तक प्रदेश के विभिन्न भागों में शीतदिवस की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी मधुबनी, कटिहार, बांका, रोहता, भभुआ समेत राज्य के उत्तरी, दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—पूर्व भागों में घना कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भागलपुर के सबौर में सात दशमलव छह और गया में न्यूनतम तापमान आठ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

———————————————————————————————

और अब बात क्रिसमस की

———म्यूजिक———

क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईसाई धर्मावलंबी ईसा मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों को क्रिसमस ट्री और जगमगाते सितारों से सजाया हैं। लोग एक दूसरे को बधाई के साथ—साथ उपहार भी भेंट कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि क्रिसमस को लेकर गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———म्यूजिक———

---

बेगूसराय के गांधी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा राह है। केन्द्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह ने इसका उद्‌घाटन किया।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने अटल बिहारी वाजपेयी और मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर सीवान सदर अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के बीच फल और कंबल का वितरण किया।

---

भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में पत्र सूचना ब्यूरो की ओर से तीन दिवसीय विकसित भारत ऐट द रेट दू हजार सैंतालीस चित्र परदर्शनी सह जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रश्नोत्तनरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

---

01. कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी एक सौ एकवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।
02. प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के खिलाड़ियों से किया संवाद। कहा–वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा नया इतिहास रच रहे हैं।
03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और कृषि मंत्री रामकृपाल यादव का दावा– राजद के कई विधायक जल्द ही भाजपा में होंगे शामिल।
04. शिक्षामंत्री सुनील कुमार ने कहा– सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोले जायेंगे। बीस दिनों के भीतर पूरा होगा स्थल चयन का काम।
05. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में सर्दी का सितम जारी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले तीन दिनों तक कंपकपाती ठंड से नही मिलेगी राहत।

---

समाप्त